सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 60 | इंदौर, मंगलवार 05 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बाबा महाकाल की सवारी में चंद्रशेखर मुखारविंद के दर्शन

### भादो महीने की पहली सवारी निकली, अगले सोमवार शाही सवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर से निकलने वाली भगवान महाकाल की नौवीं सवारी सोमवार को धूमधाम से निकली। मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का षोडशोपचार से पूजन-अर्चन कर भगवान की आरती के बाद रजत पालकी में भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर नगर भ्रमण की ओर रवाना हुए। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दिया। नए रथ पर सवार भगवान श्री चंद्रशेखर के नए मुखारविंद के दर्शन भक्तों को पहली बार हुए।

श्रावण माह के खत्म होने के बाद भादो माह की पहली सवारी सोमवार को निकली। श्रावण की आठ सवारी के बाद ये नौवीं सवारी थी। अब अगले सोमवार को बाबा महाकाल की शाही सवारी निकाली जाएगी। सवारी मंदिर परिसर से शाम 4 बजे धूमधाम से निकली। सवारी के दौरान भगवान श्री महाकालेश्वर रजत पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर के रूप में विराजित रहे। वहीं हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर शिवतांडव और नन्दी रथ पर उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट के मुखारविंद, नवीन रथ पर श्री घटाटोप स्वरुप और दूसरे नवीन रथ पर श्री जटाशंकर और रथ पर नए स्वरूप श्री रुद्रेश्वर नया सप्तधान मुखारविंद के साथ ही रथ पर श्री चंद्रशेखर का नया रजत मुखौटा शामिल होकर भक्तों को दर्शन देने निकले।

### सवारी मार्ग पर भक्तों उल्लास

श्रावण माह के बाद भी भक्तो का उत्साह खत्म नहीं हुआ। भारी भीड़ के बीच सवारी समय पर महाकाल मंदिर से निकली। भगवान महाकाल की सवारी मंदिर से प्रारंभ होकर गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट पहुंचेगी। रामघाट पर श्री चन्द्रमोलेश्वर व श्री मनमहेश का मोक्षदायिनी मां शिप्रा के जल से अभिषेक पूजन के बाद सवारी रामघाट से रामानुज कोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिकचौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा होते हुए पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान सवारी मार्ग पर भक्त राजाधिराज का स्वागत करेंगे।

## दो पेट्रोल पम्प पर देर रात लाखों की लूट

### हथियारों से लेस बदमाशों ने कर्मचारियों से मारपीट कर लूट की घटना को दिया अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में देर रात बदमाशों ने दो पेट्रोल पम्प पर धावा बोल दिया। हथियारों से लेस बदमाशो ने कर्मचारियों से मारपीट कर लाखो रुपए लूट लिए। वारदात के बाद अपराधी फरार हो गए। घटना का पता चलते ही पुलिस मामले में जांच में जुट गई, हालांकि बताया जाता है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिले है। पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिली है। बड़नगर एसडीओपी महेंद्र सिंह परमार ने बताया कि इंगोरिया के समीप बालू सिंह पंवार का महावीर पेट्रोल पम्प है। रात करीब एक बजे कुछ कर्मचारी यहाँ पर ड्यूटी दे रहे थे। इसी दौरान चार पांच बदमाश चाकू लेकर पहुंचे उन्होंने कर्मचारियों से पम्प में रखा केश माँगा, नहीं देने पर चाकू दिखाकर धमकाया और मारपीट कर करीब एक लाख रुपए छीन ले गए। घटना के बाद कर्मचारियों ने थाने पर सुचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए पम्प पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमे कुछ बदमाश वारदात करते नजर आए। फुटेज के आधार पर उन्हें तलाश कर रहे है।




## ISRO ने दूसरी बार बढ़ाई

# आदित्य L1 की ऑर्बिट

### अब ये पृथ्वी से 40,225 किमी दूर, 10 सितंबर को तीसरी बार बढ़ाई जाएगी ऑर्बिट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** इसरो ने आज यानी मंगलवार 5 सितंबर को रात 2.45 बजे आदित्य L1 स्पेसक्रॉफ्ट की ऑर्बिट दूसरी बार बढ़ाई। अब ये पृथ्वी की 282 किमी x 40,225 किमी की कक्षा में पहुंच गया है। यानी उसकी पृथ्वी से सबसे कम दूरी 282 किमी और सबसे ज्यादा दूरी 40,225 किमी है। इसरो ने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान सैटेलाइट को मॉरिशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में बने ISTRAC/ISRO के ग्राउंड स्टेशनों से ट्रैक किया गया। अब 10 सितंबर को रात करीब 2.30 बजे तीसरी बार आदित्य L1 की ऑर्बिट बढ़ाने के लिए कुछ देर के लिए थ्रस्टर फायर किए जाएंगे। आदित्य को 2 सितंबर को सुबह 11.50 बजे PSLV-C57 के XL वर्जन रॉकेट के जरिए श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। लॉन्चिंग के 63 मिनट 19 सेकेंड बाद स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी की 235 Km x 19,500 Km की कक्षा में स्थापित कर दिया था। करीब 4 महीने बाद यह 15 लाख Km दूर लैगरेंज पॉइंट-1 तक पहुंचेगा। इस पॉइंट पर ग्रहण का प्रभाव नहीं पड़ता, जिसके चलते यहां से सूरज पर आसानी से रिसर्च की जा सकती है।

## 5 पॉइंट में जानें आदित्य L1 का सफर

- PSLV रॉकेट ने आदित्य को 235 x 19,500 Km की पृथ्वी की कक्षा में छोड़ा।
- 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षा में रहेगा। 5 बार थ्रस्टर फायर कर ऑर्बिट बढ़ाएगा।
- फिर से आदित्य के थ्रस्टर फायर होंगे और ये L1 पॉइंट की ओर निकल जाएगा।
- 110 दिन के सफर के बाद आदित्य ऑब्जरवेटरी इस पॉइंट के पास पहुंच जाएगा
- थ्रस्टर फायरिंग के जरिए आदित्य को L1 पॉइंट के ऑर्बिट में डाल दिया जाएगा।

### लैगरेंज पॉइंट-1 (L1) क्या है?

लैगरेंज पॉइंट का नाम इतालवी-फ्रेंच मैथमैटीशियन जोसेफी-लुई लैगरेंज के नाम पर रखा गया है। इसे बोलचाल में L1 नाम से जाना जाता है। ऐसे पांच पॉइंट धरती और सूर्य के बीच हैं, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल बैलेंस हो जाता है और सेंट्रिफ्यूगल फोर्स बन जाती है।

ऐसे में इस जगह पर अगर किसी ऑब्जेक्ट को रखा जाता है तो वह आसानी उस पॉइंट के चारो तरफ चक्कर लगाना शुरू कर देता है। पहला लैगरेंज पॉइंट धरती और सूर्य के बीच 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे कुल 5 लैगरेंज पॉइंट मोजूद है।

### L1 पॉइंट पर ग्रहण बेअसर, इसलिए यहां भेजा जा रहा

इसरो का कहना है कि L1 पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। ये 6 जनवरी 2024 को L1 पॉइंट तक पहुंचेगा।

### सूर्य की स्टडी क्यों जरूरी?

जिस सोलर सिस्टम में हमारी पृथ्वी है, उसका केंद्र सूर्य ही है। सभी आठ ग्रह सूर्य के ही चक्कर लगाते हैं। सूर्य की वजह से ही पृथ्वी पर जीवन है। सूर्य से लगातार ऊर्जा बहती है। इन्हें हम चार्ज्ड पार्टिकल्स कहते हैं। सूर्य का अध्ययन करके ये समझा जा सकता है कि सूर्य में होने वाले बदलाव अंतरिक्ष को और पृथ्वी पर जीवन को कैसे प्रभावित कर सकते हैं।

### सूर्य दो तरह से एनर्जी रिलीज करता है

प्रकाश का सामान्य प्रवाह जो पृथ्वी को रोशन करता है और जीवन को संभव बनाता है। प्रकाश, कणों और चुंबकीय क्षेत्रों का विस्फोट जिससे इलेक्ट्रॉनिक चीजें खराब हो सकती हैं। इसे सोलर फ्लेयर कहा जाता है। जब ये फ्लेयर पृथ्वी तक पहुंचता है तो पृथ्वी की मैग्नेटिक फील्ड हमें इससे बचाती है।

# मरीमाता चौराहा से सदर बाजार होते हुए इमली बाजार चौराहा तक सड़क निर्माण अधूरा

### 365 दिन गुजर गए लेकिन निगम 1.3 किलो मीटर रोड पूरी नहीं कर सका

◆ निर्माण के लिए ठेकेदार को दिया था एक साल का समय

◆ अब एक माह में बनाने काम पूरा करने का किया वादा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। इंदौर मरीमाता चौराहा से सदर बाजार होते हुए इमली बाजार चौराहा तक सड़क निर्माण नगर निगम की योजना शाखा कर रही है। रोड निर्माण की समय सीमा एक वर्ष रखी गई थी, लेकिन नगर निगम की लेटलतीफी के चलते समय सीमा कब की पूरी हो गई पर रोड निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस कारण रहवासी और राहगीर दोनों ही परेशान है। ऐसे में जब निगम योजना शाखा के अफसरों से सवाल किया गया कि सड़क निर्माण कब तक पूरा होगा तो उन्होंने जबाब दिया कि एक महीने में पूरा हो जाएगा। अब देखना यह है कि निगम अफसरों का दावा कितना सही साबित होता है।

शहर में सड़क चौड़ीकरण का काम निगम की योजना शाखा और स्मार्ट सिटी कंपनी कर रही है ताकि यातायात को सुगम किया जा सके। इसके चलते शहर के मध्य क्षेत्र में रोड चौड़ीकरण का काम शुरू किया गया। इसके तहत जहां बड़ा गणपति चाराहा से कृष्णपुरा छत्री तक 60 फीट चौड़ी रोड बना दी गई है वहीं राजवाड़ा से इमली बाजार चौराहा तक रोड चौड़ीकरण का काम लगभग पूरा हो हो गई। गया है। मरीमाता से सदर बाजार होते. हुए इमली बाजार चौराहा (सुभाष मार्ग) तक 60 फीट चौड़ी रोड बनाने का काम पिछले वर्ष जून में शुरू किया गया। निर्माण कार्य पूरा करने की समय सीमा एक वर्ष रखी गई, लेकिन तय समय में सड़क नहीं बन पाई। नतीजतन पिछले दिनों जुलाई में हुई बरसात के बाद से लोगों को काफी दिक्कत झेलना पड़ी, क्योंकि रोड पर ड्रेनेज पाइप लाइन और अन्य कामों को लेकर खोदे गए बड़े-बड़े गड्ढों की वजह से आवगमन बंद हो गया था। ड्रेनेज पाइप लाइन डालने के काम में लेटलतीफी के चलते सड़क निर्माण तय समय में पूरा नहीं हुआ और परेशानी रहवासी सहित राहगीरों की हो गई।

#### स्टॉर्म वाटर पाइप डालने का काम पूरा

इधर, पिछले सवा साल से बन रहे मरीमाता से सदर बाजार होते हुए इमली बाजार चौराहा तक 1.3 किलो मीटर रोड का काम कब तक पूरा होगा इस साल का जवाब जब निगम योजना शाखा के अफसरों से पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि मरीमाता और इमली बाजार चौराहा दोनों तरफ से रोड लगभग बन गया है। बीच में सदर बाजार के यहां 1200 मीटर का काम बाकी है जो कि चल रहा है। इस महीने रोड निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा। वैसे अभी बरसात नहीं हो रही है। अगर हुई तो भी निर्माण कार्य नहीं रुकेगा। अफसरों ने कहा कि रोड के तय समय में न बनने का कारण ड्रेनेज पाइप लाइन का न डलना था। ड्रेनेज के साथ पानी और स्टॉर्म वाटर पाइप डालने का काम हो गया है। इसलिए सड़क निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि मरीमाता चौराहा से सदर बाजार, इमली बाजार चौराहा होते हुए राजवाड़ा तक सड़क चौड़ीकरण होने से यातायात सुगम हो जाएगा और वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

#### लंबे समय से अटका पड़ा है काम

जिसी चौराहा से सुभाष मार्ग होते रामबाग पुल तक 100 फीट चौड़ी रोड बनना है। इसको लेकर स्मार्ट सिटी कंपनी ने सेंट्रल लाइन डालने के साथ रोड की दोनों तरफबाचक निर्माण चिह्नित कर तोड़फोड़ के निशान भी लगा दिए हैं। इस काम को किए डेढ़ से दो वर्ष होने को आए है. लेकिन निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। लंबे समय से अटके पड़े इस रोड को कब चौड़ा किया जाएगा इसका जवाब न तो निगम के जिम्मेदारों के पास है और न ही स्मार्ट सिटी कंपनी के अफसरों के पास हैं। हालांकि रोड के 100 फीट चौड़ा बनाने को लेकर रहवासियों ने विरोध का बिगुल बजा रखा है, क्योंकि रहवासियों की मांग 80 फीट चौड़ा रोड बनाने की है।

## ताप्ती परिसर के काम को जल्दी आकर देने के लिए बनाया दबाव

### अब हर दिन होगी कामकाज की मॉनिटरिंग

### ठेकेदारों से कहा जल्दी पूरा करो काम

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। इंदौर नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ताप्ती परिसर में किया जा रहे कामकाज को जल्दी आकर देने के लिए दबाव बनाया गया है । इस कामकाज किया हर दिन मॉनिटरिंग की जाएगी । ठेकेदारों से भी कम को जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है ।

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत सिंधोरा रंगवासा में स्थित निर्मित ताप्ती परिसर की आवासीय इकाइयों का अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए । ठेकेदारों को इंफ्रास्ट्रक्चर एवं बिल्डिंग वर्क की कार्य प्रगति में तेजी लाने हेतु फास्ट ट्रैकिंग एवं समानांतर कार्य करने के आदेश दिए।

ठेकेदारों एवं कंसलटेंट को प्रकोष्ठ अनुसार कंपोजिट टीम लगाने तथा प्रतिदिन की कार्य प्रगति रिपोर्ट प्रकोष्ठ अनुसार बनाने एवं प्रति सप्ताह प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होने के आदेश भी दिए। फेस 3 के ठेकेदार को सीएमएवाय के 2 ब्लॉको में आवश्यक कार्य पूर्ण कर 28 सितंबर तक सौंपने, फेस 1 एवं फेस 2 के ठेकेदारों को कार्य में गति लाने, विद्युत ठेकेदार को बिजली की आपूर्ति हेतु विद्युत वितरण कंपनी से आवश्यक अनुमति तथा कार्य को तत्परता से करने के निर्देश दिए। साथ ही में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य कर रहे ठेकेदार को अक्टूबर तक की समयावधि में कार्य पूर्ण कर सौंपने के निर्देश भी दिए। लिफ्ट ठेकेदार को लिफ्ट के कार्य में फूर्ति लाकर इंस्टॉलेशन व टेस्टिंग तेजी से करने के आदेश दिए। साथ ही में जलापूर्ति हेतु नियुक्त एजेंसी को जल्द से जल्द सप्लाई लाइन डालने व टेस्टिंग करने के लिए भी कहा गया ।

## विधानसभा चुनाव 2023 : कांग्रेस बोली नए चेहरों को अधिक से अधिक मौका दिया जाएगा

### कांग्रेस अलग-अलग चरणों में जारी होगी प्रत्याशियों की सूची

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा तीन चरणों में करेगी। जिन नामों पर सहमति बनेगी उन्हें शामिल करते हुए प्रत्याशियों की पहली सूची सितंबर में जारी कर दी जाएगी। इसके लिए 11 और 12 सितंबर को दिल्ली में बैठक होगी। प्रत्याशी चयन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ और पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर से सर्वे कराए जा चुके हैं। जिला और प्रदेश पदाधिकारियों से दावेदारों को लेकर रायशुमारी की जा रही है।**

प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह और समिति के सदस्यों ने स्पष्ट कर दी है कि नए चेहरों को अधिक से अधिक मौका दिया जाएगा। जातिगत समीकरण और नारी सम्मान योजना को लेकर किए गए कार्य भी प्रत्याशी चयन का आधार होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार में आने पर महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह देने के लिए नारी सम्मान योजना लागू करने का वचन दिया है। इसके 56 लाख से अधिक आवेदन भरवाए गए हैं। उधर जानकारों का कहना है कि चुनाव समिति ने लगभग 100 सीटों पर नामों पर सहमति बना ली गई है।

#### लगभग 60 नामों की सूची जारी होगी

सूत्रों की माने तो सूची में 25 मौजूदा विधायकों के स्थान पर लगभग 60 नामों की सूची जल्द घोषित है। प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में 100 विधानसभा सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों पर सहमति बनाएं जाने की खबर है। समिति ने अपने अंदरुनी सर्वे और दिल्ली द्वारा कराएं गए सर्वे के आधार पर संभावित उम्मीदवारों के नाम पर सहमति जताई है। ऐसी खबर है कि सर्वे में 25 मौजूदा विधायकों की स्थिति सही होने की वजह से उनके टिकट काटे जाने पर समिति ने निर्णय लिया है। हालांकि इन स्थानों के लिए नए नामों की घोषणा बाद में की जाएगी और इसके लिए रणनीति बनाई जाएगी कि विधायकों का टिकट काटे जाने से किसी भी तरह का पार्टी को नुकसान नहीं हो और न ही भितरघात जैसी स्थिति उत्पन्न हो।

#### लगभग 60 नामों की सूची जल्द घोषित होगी

समिति ने तय किया है कि लगभग 60 नामों की सूची जल्द घोषित कर दी जाए और जहां विधायकों के टिकट बदलने है, वहां उन्हें भरोसे में लेकर आगे निर्णय लिया जाए। इसके अलावा समिति ने उन विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी अपने प्रत्याशियों के नाम पर मंथन किया, जहां पार्टी पिछले चुनाव में काफी कम मतों के अंतर चुनाव हारी थी। खबर है कि इनमें से कुछ क्षेत्रों के लिए भी नामों की घोषणा पहली सूची में कर दी जाएगी।

## एमवायएच में रक्त शिविर का आयोजन

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर**। दिगंबर जैन समाज युवा प्रकोष्ठ एवं महाराजा यशवंत राव होलकर चिकित्सालय के संयुक्त तत्वधान में रक्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ चढ अपना योगदान दिया। भगवान महावीर के पच्चीसो पच्चास वर्ष निवार्ण महोत्सव के चलते पूरे वर्ष जैन समाज द्वारा यह आयोजन किये जाते है। विओ 1 दिगंबर जैन समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा भगवान महावीर के 2550 वर्ष निर्माण महोत्सव के चलते शहर में अनेकों कार्यक्रम किए जा रहे हैं रविवार को कांच मंदिर स्थित शीश महल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया समाज के संरक्षक नकुल पाटोदी ने कहा कि कुछ ही देर में 20 लोगों ने अपना रक्तदान किया है कार्यक्रम के अंत तक करीब 100 यूनिट रक्त एकत्र कर लिया जाएगा।

## शनि मंदिर से 12 बच्चे और चार महिलाएं पकड़ाई

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। शहर के सबसे प्राचीन जून इंदौर के शनि मंदिर से शनिवार को 12 बच्चे और चार महिलाओं को पकड़ा गया है । यह सभी अलग-अलग नशे में धुत्त होकर भीख मांगने का काम कर रहे थे । इस मामले में जब बच्चों से पूछताछ की गई तो यह हकीकत भी उजागर होकर सामने आई कि मां ही इन बच्चों को भीख मांगने के काम में लगाए हुए थी। इस समय इंदौर में नशाखोरी एक सबसे बड़ी समस्या बन गई है इस नशाखोरी के चलते हुए व्यक्ति अपराध में लिप्त होता है और सामाजिक कार्यों का केंद्र बन जाता है बड़ी संख्या में बच्चे भी नशे की लत के शिकार हो रहे हैं बच्चे नशे की लत के चलते शिक्षा से दूर हो रहे हैं एवं वे इस नशे की पूर्ति हेतु भिक्षावृत्ति व अन्य अपराधों में लिप्त हो रहे हैं । इंदौर को नशा मुक्त करने में शहर का सभी समाज सुधारक वर्ग कार्यरत है। इस पर कार्य करते हुए संस्था प्रवेश की टीम बच्चों एवं महिला पुरुषों का रेस्क्यू अभियान चला रही है। ऐसा ही रेस्क्यू अभियान शनिवार को जूनी इंदौर शनि मंदिर पर चलाया गया । वहां से 12 बच्चों एवं चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया । कुछ बच्चे व्हाइटनर एवं थिनर के नशे के शिकार थे एवं कुछ बच्चों से मां के द्वारा ही भीख मंगवाई जा रही थी। इन बच्चों की मां भी शराब के नशे में धुत्त मिली।

## प्रकृति और पर्यावरण का विराट रूपक है भगवान गणेश

### 21 तरह के वनस्पति बीजों को डाल बनाई वनस्पति-विनायक की प्रतिमा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। हमारी प्रकृति की तरह ही सरलता और भोलापन गणेश का स्वभाव है। प्रकृति की शक्तियों के प्रतीक होने के कारण वे एक साथ मासूम, शक्तिशाली, योद्धा, विद्वान, कल्याणकारी, शुभ-लाभ और कुशल-क्षेम के दाता हैं। गणेश के प्रति सम्मान का अर्थ है कि प्रकृति में मौजूद सभी जीव-जंतुओं, जल, हवा, जंगल और पर्वत का सम्मान है। उक्त उदगार मालवमंथन द्वारा माता जीजाबाई शासकीय(स्वशासी)स्नातकोत्तर कन्या अग्रणी महाविद्यालय,मोती तबेला, इंदौर में विसर्जन से सृजन के तहत ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण की कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.श्री द्वीवेदी ने व्यक्त किए कार्यक्रम के आयोजक पर्यावरणविद स्वप्निल व्यास ने कहा हमारा शरीर पांच तत्त्वों से निर्मित है और इन तत्त्वों के पाँच अधिदेव माने गए हैं-आकाश के शिव देवता,वायु तत्त्व के भगवती देवता, अग्नि के सूर्य देव और पृथ्वी तत्त्व के श्री गणेश देवता हैं। इस बार वनस्पति विनायक की थीम पर प्रशिक्षण दिया गया जहाँ 21 तरह के औषधीय पौधों के बीजों को मिट्टी में डाल कर ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा का प्रशिक्षण महाविद्यालय की छात्राओं को दिया प्रशिक्षण फाइन आर्टिस्ट रानू व्यास ने दिया । कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रतिभा सोलंकी थी ।

# निगम का फैसला : 33 टंकी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के लिए और देंगे फरवरी तक का वक्त

## ठेकेदार एलएनटी पर हर दिन 0.05% की पेनल्टी भी लगाई जाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के नर्मदा परियोजना विभाग के द्वारा 33 टंकी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के काम को पूरा करने के लिए दिसंबर तक का वक्त और ठेकेदार को देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है । इस प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि इस काम को लेकर ठेकेदार पर हर दिन 0.05% की पेनल्टी भी लगाई जाएगी ।

नगर निगम के द्वारा सालों पहले यह कार्य एलएनटी कंपनी को सोपा गया था । राष्ट्रीय स्तर पर नाम और ख्याति प्राप्त इस कंपनी को जब काम दिया गया था तब यह माना गया था कि इस कंपनी के द्वारा समय से बहुत पहले ही काम पूरा कर दिया जाएगा । इस कंपनी के द्वारा जब काम शुरू किया गया तो वह कम इतनी धीमी गति से चला कि निर्धारित अवधि पूरी हो जाने के बाद भी यह काम पूरा नहीं हो सका । इसके परिणाम स्वरूप नगर निगम के द्वारा बार-बार इस कंपनी को कम पूर्ण करने की अवधि बढ़ाने का फैसला लेना पड़ रहा है ।

**प्रस्ताव को विचार के लिए रखा-** इसी तरह का एक फैसला लेने की तैयारी की जा रही है । मेयर इन काउंसिल की अगली बैठक में इस कंपनी को यह काम पूरा करने के लिए फरवरी तक की अवधि देने के प्रस्ताव को विचार के लिए रखा जा रहा है । नर्मदा परियोजना की ओर से कार्यपालन यंत्री संजीव श्रीवास्तव के द्वारा यह प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है ।

**हर दिन 0.05 प्रतिशत की पेनल्टी भी लगाई जाए-** इस प्रस्ताव में कहा गया है कि 33 टंकी की डिस्ट्रीब्यूशन लाइन डालने का काम एलएनटी कंपनी को पूरा करना है । इस कंपनी को पूर्व में जो समय दिया गया था वह समय समाप्त हो गया है । ऐसे में इस कंपनी को फरवरी तक का समय और दे दिया जाए । जो विलंब कामकाज में किया जा रहा है उसे देखते हुए इस कंपनी पर हर दिन 0.05 प्रतिशत की पेनल्टी भी लगाई जाए।

**डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के कार्य को 85% कर लिया गया है-** ध्यान रहे की पेनल्टी का यह प्रतिशत पहले से ही प्रावधान में है । अभी भी कंपनी पर इसी प्रतिशत से पेनल्टी हर दिन लगाई जा रही है । श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक कंपनी के द्वारा डिस्ट्रीब्यूशन लाइन के कार्य को 85% कर लिया गया है । बचा हुआ 15% कार्य करने के लिए 6 महीने का वक्त देने का प्रस्ताव भेजा गया है । इस प्रस्ताव पर एम आई सी की अगली बैठक में विचार कर फैसला लिया जाएगा ।

# राजकुमार मिल में झांकियों के निर्माण की शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रही श्री गणेश विसर्जन चल समारोह की परम्परा को कायम रखते हुए राजकुमार मिल परिसर में झांकी निर्माण की शुरूआत राजकुमार कमेटी के 80 वर्ष पूर्ण कर रही कमेटी के अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर, नाथुलाल शर्मा ने पूजन कर प्रारंभ किया।**

कमेटी अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर ने कहा कि मिले कई वर्षों से बंद हो चुकी हैं, लेकिन मजदूरों की मेहनत आज भी रंग ला रही है जो 100 वर्ष की परम्पराओं को कायम रखते हुए अनंतचतुर्दशी पर निकलने वाले चल समारोह में अपनी कला का अभिनव दिखाते हैं।

इस अवसर पर विशेष रूप से झांकियों के लिए वर्षों से कार्य करने वाले नेताजी सुभाषमंच के अध्यक्ष मदन परमालिया, झांकी कलाकार प्रवीण हरगांवकर, सहकलाकार विनय हरगांवकर, प्रहलाद माथुर, छोटागणपति मंदिर झांकी के निमार्ता हुकम यादव, छोगालाल उस्ताद व्यायामशाला के उस्ताद पृथ्वीराज पिपले आदि ने शामिल होकर विधिवत पूजन कर झांकी निर्माण की शुरूआत की।



## चुनाव आयोग से भाजपा की मांग

# हेट स्पीच पर कार्रवाई हो

◆विपक्षी दल बोले- 1000 वोट से जीत-हार होने पर दोबारा मतगणना हो;सभी ने रखी अपनी राय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। विधानसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा के लिए चुनाव आयोग की फुल बेंच भोपाल पहुंच गई है। सोमवार को अलग-अलग राजनीतिक दलों के सदस्यों ने चुनाव आयोग से अपनी बात रखी। बीजेपी नेताओं ने हेट स्पीच पर कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में आयोग को सुझाव सौंप गए।**

आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने नगरीय निकाय चुनावों में हुई गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव ऐसी गलती न हो, इस पर काम होना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी की ओर से दिए गए सुझाव में कहा गया है कि ईवीएम और बैलेट पेपर में थंब सिस्टम लागू कर वोटिंग कराई जाए।

भाजपा की ओर से चुनाव आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल और भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी की टीम ने आयोग के सामने उपस्थित होकर कहा है कि अनुपस्थित मतदाता के लिए पोस्टल बैलेट सुविधा दी जानी चाहिए।

### कांग्रेस की मांग- 1000 वोट से जीत-हार होने पर दोबारा काउंटिंग हो

कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया और उनकी टीम ने 17 बिंदुओं पर आयोग को सुझाव दिए। जिसमें कहा है कि जिन विधानसभा क्षेत्र में 1000 से कम वोट पर जीत- हार होती है। वहां दोबारा मतगणना करने की व्यवस्था लागू होनी चाहिए।

मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस के कार्यकाल में निष्पक्ष चुनाव की संभावना नहीं है। इसलिए उनकी सेवा समाप्त की जाए और योग्य अधिकारी को मुख्य सचिव नियुक्त करके निष्पक्ष चुनाव कराए जाए।

## राजनाथ बोले-

# आपके मामा शिवराज राजनीति के धोनी

### जन आशीर्वाद यात्रा को दिखाई हरी झंडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नीमच।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष के गठबंधन पर कहा कि इन्होंने भानुमति का कुनबा जोड़ा है। अकेले भाजपा को हरा नहीं सकते, इसलिए 28 दल एक साथ आ गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नीमच से भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने सीएम शिवराज सिंह को राजनीति का धोनी बताया है। उन्होंने कहा कि शुरूआत जैसी भी हो ये अच्छी तरह से फिनिश कर जीतना जानते हैं। सीएम शिवराज सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए विपक्ष के गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके घटक दल सनातन का अपमान कर रहे हैं। सनातन का अपमान करने वाले खत्म हो जाएंगे।

## होमवर्क पूरा न होने पर दी ऐसी सजा : छात्र बोला-

# दो शिक्षकों ने हाथ-पैर पकड़ टेबल पर लिटाया, तीसरे ने पाइप से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** मैं, विद्या भवन पब्लिक स्कूल में कक्षा 8वीं में पढ़ता हूं। स्कूल न जाकर मैं द प्राइम क्लासिस कोचिंग में पढ़ता हूं। मैं करीब दो साल से द प्राइम क्लासिस में कोचिंग ले रहा हूं। 2 सितंबर को करीब 4 बजे की बात है मेरा मैथ्स का पीरियड था और होमवर्क पूरा नहीं होने पर से कोचिंग संचालक चन्द्रकांत मिश्रा, सह संचालक प्रेम शर्मा के कहने पर टीचर राहुल गुर्जर, अभिषेक व संकेत भारती ने मुझे बेरहमी से पीटा।

संकेत व राहुल ने मुझे मेज पर लिटा दिया और मेरे हाथ पैर पकड़ लिए। इसके बाद अभिषेक सर ने मेरे पुट्ठे पर प्लास्टिक पाइप से बहुत मारा। मुझे काफी दर्द हो रहा था, लेकिन वो पीटते गए। मैं चिल्ला रहा था तो कह रहे थे कि चुप हो जा वरना मार डालेंगे। घर आकर मैंने मां को सब कुछ बताया। (कुछ इस तरह 13 वर्षीय छात्र ने अपनी आपबीती सुनाई है)

शहर के महाराजपुरा आदित्यपुरम में एक प्राइवेट कोचिंग पर कक्षा 8वीं के छात्र से बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। कोचिंग संचालक के इशारे पर तीन शिक्षकों ने कक्षा 8वीं के 13 साल के छात्र को लेटाकर प्लास्टिक के पाइप से बेरहमी से पीटा। पिटाई के बाद छात्र के शरीर पर उभरे निशान शिक्षकों की बर्बरता की कहानी खुद बयां कर रहे हैं। छात्र का कसूर इतना था कि उसने मैथ्स का होमवर्क पूरा नहीं किया था।

### पिटाई से दहशत में है छात्र

छात्र से मारपीट के बाद उसके मां-पिता गहरी चिंता में है। उनका कहना है कि बेटे पर इस पिटाई से काफी गहरा प्रभाव पड़ा है। वह डरा हुआ है। वह स्कूल और कोचिंग जाने से डर रहा है। जब भी उससे इस घटना के बारे में बात की जाती है तो सहम सा जाता है। परिजन उसकी इस दशा को समझते हुए उससे बातचीत कम कर रहे हैं।

### कोचिंग संचालक सहित पांच पर मामला दर्ज

एएसपी ऋषिकेश मीणा और सीएसपी नागेंद्र सिकरवार ने बताया कि छात्र की शिकायत पर रविवार को कोचिंग संचालक चंद्रकांत मिश्रा, सह संचालक प्रेम शर्मा, शिक्षक अभिषेक, राहुल गुर्जर और संकेत भारती पर मारपीट और किशोर न्याय अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार शिक्षक अभिषेक ने छात्र के पैर व संकेत ने हाथ पकड़े और राहुल ने प्लास्टिक के पाइप से उसकी पिटाई की।

## चिड़ियापानी जंगल में संदिग्ध अवस्था में मिला तेंदुए का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** नेपानगर क्षेत्र के चिड़ियापानी जंगल में सोमवार सुबह एक तेंदुए का शव संदेहास्पद परिस्थिति में मृत अवस्था में मिला। हालांकि वन विभाग का कहना है कि यह एक नेचुरल डेथ लग रही है। शिकार नहीं किया गया है। पशु चिकित्सक के पैनल से तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। नेपानगर रेंजर पराग गुप्ता ने बताया- नेपानगर वन परिक्षेत्र के चिड़ियानी क्षेत्र के जंगल में वन्यप्राणी तेंदुए का संदिग्ध अवस्था में शामिल मिला। सूचना मिलते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तेंदुए की मौत नेचुरल लग रही है। जांच के लिए डॉग स्क्वाड की टीम को सूचित किया गया। टीम जांच कर रही है।

## जनता कांग्रेसियों की नाक काट देगी: विजयवर्गीय

सभा में बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हम नकल नहीं करते हैं। कांग्रेस के लोग आजकल गीता पढ़ रहे हैं। रामायण पाठ, हनुमान चालीसा का पाठ करवा रहे हैं। रुद्राक्ष बांट रहे हैं। इस देश में इतिहास साक्षी है, जब किसी ने रूप बदला तो उसकी नाक कट जाती है। शूर्पनखा ने रूप बदला तो लक्ष्मण ने उनकी नाक काट दी थी। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मैं कांग्रेसियों ने कहना चाहता हूं कि आप नाटक मत करिए। आप तो सिर्फ एक ही त्योहार मनाते थे। उनका एक ही त्योहार था- रोजा और ईद। आजकल वे रामनवमी मनाने लगे हैं। कृष्ण जन्माष्टमी मनाने लगे। जैसे राम और कृष्ण जर्नादन हैं, वैसी ही ये जनता भी जर्नादन है। उन्होंने शूर्पनखा की नाक काटी थी। ये जनता भी कांग्रेसियों की नाक काट देगी। वेश बदलकर छलने वाले लोगों को यह समाज कभी माफी नहीं करता है।

## कार में मिली 12 लाख से अधिक की अफीम

### कार ड्राइवर अरेस्ट; 2 थैलियों में छुपा रखी थी 6 किलो से ज्यादा अफीम

**मंदसौर।** मंदसौर की शामगढ़ पुलिस ने एक लग्जरी कार से 6 किलो से अधिक अवैध अफीम बरामद की है। जिसकी कीमत 12 लाख से अधिक बताई गई है। मामले में पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

शामगढ़ थाना प्रभारी राकेश चौधरी ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक तस्कर कार से बड़ी मात्रा में अवैध अफीम की तस्करी कर किसी को देने जाने वाला है। पुलिस तुरंत नाकाबंदी करे तो आरोपी गिरफ्त में आ सकता है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने शामगढ़-सुवासरा रोड पाइप फैक्ट्री के पास नाकाबंदी करते हुए मुखबिर के द्वारा बताए गए हुलिए की कार को रोककर तलाशी लेने पर कार में छुपाकर रखी दो थैलियों में 6 किलो 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई है। मौके से पुलिस ने कार चालक दशरथ से उर्फ लालसिंह पिता मेहरबान सिंह सोंधिया राजपूत (27) निवासी टोकडा थाना सुवासरा मंदसौर को गिरफ्तार किया है। बरामद की गई अफीम की कीमत 12 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है।

## सैलाना में हादसा: मजदूरों से भरा ओवरलोड ऑटो पलटा

### एक दर्जन से अधिक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** सैलाना क्षेत्र में मजदूरों से भारत ऑटो पलट जाने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में आठ मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। शेष मजदूरों का उपचार सैलाना स्थित स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। घटना आज सुबह की है। जहां सासर और दुमघाट गांव के लोग मजदूरी करने पिपलोदा तरफ जा रहे थे। जहां रास्ते में ओवरलोड ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के वक्त ऑटो में 20 से ज्यादा सवारी बैठी हुई थी। जिसमें 14 लोग घायल हुए हैं। आठ लोगों को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### 300 की मजदूरी के लिए करते हैं जान के जोखिम का सफर

दरअसल सैलाना क्षेत्र के आदिवासी अंचल के मजदूर महज 300 की मजदूरी हासिल करने के लिए ओवरलोडिंग वाहनों में बैठकर लंबी दूरी तक जोखिम भरा सफर तय करते हैं। खासकर सोयाबीन की कटाई के समय सैकड़ो ऑटो और पिकअप वाहनों में ठूंस ठूंस कर भरे जाते है। हर बार इस तरह के हादसे सामने आते हैं । बहरहाल हादसे की सूचना मिलने पर सैलाना थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया और दुर्घटनाग्रस्त ऑटो जप्त कर ऑटो चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।



## संपादकीय

# आखिरी उम्मीद टकराव में शामिल

मणिपुर में कुकी समुदाय के जो लोग वहां रुक गए थे, वे सरकार और पुलिस पर भरोसे की वजह से ऐसा कर सके, लेकिन सच यह है कि उस इलाके में कुकी समुदाय के बचे हुए आखिरी कुछ लोगों को भी सुरक्षा मुहैया कराने के बजाय उन्हें बचाने की दलील पर वहां से दूसरे इलाके में भेज दिया गया। राज्य में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर शुरू हुई में हिंसा के चार महीने के बाद भी आखिरी उम्मीद टकराव में शामिल गुटों के बीच संवाद स्थापित करना ही है। लेकिन इस दिशा में शांति के लिए की गई कवायदों का अब तक कोई खास नतीजा नहीं निकल सका है। मणिपुर में चार महीने पहले शुरू हुई हिंसा आज भी अगर नहीं थम सकी है और अराजकता में लिप्त गुटों पर काबू नहीं पाया जा सका है तो इसे राज्य सरकार की नाकामी के तौर पर ही देखा जाएगा। राज्य में शांति स्थापित करने की घोषणाओं और तमाम कवायदों के बरक्स हकीकत यह है कि आज भी वहां हिंसा से प्रभावित इलाकों में पीड़ित लोगों के लिए जरूरी राहत की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अगर किसी एक समूह के प्रभाव वाले इलाके में दूसरे पक्ष के कुछ लोग बचे हुए थे, तो हिंसक समूहों से उनको सुरक्षा मुहैया कराने के बजाय हल यह तलाशा जा रहा है कि उन्हें वहां से दूसरे क्षेत्र में भेज दिया जाए। गौरतलब है कि शनिवार की रात इंफल में कुकी-जोमी समुदाय के आखिरी बचे हुए चौबीस लोगों को अचानक ही पुलिस ने घरों से निकाल कर दूसरे इलाके में स्थिति पहाड़ों के बीच पहुंचा दिया। खबरों के मुताबिक, वहां से हटाए गए लोगों का कहना था कि पुलिस ने उन्हें अपना कोई छोटा-मोटा सामान भी नहीं लेने दिया। जिन परिवारों को वहां से हटाया गया, उन्हें इंफल से सत्ताईस किलोमीटर दूर कांगपोकपी के मोटबुंग में ले जाया गया। वहां असम राइफल्स के राहत शिविर हैं। साथ ही वहां फिलहाल हिंसा से प्रभावित कुकी और दूसरे आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। यह माना जा सकता है कि इंफल में बचे हुए जिन आखिरी चौबीस लोगों को पुलिस ने वहां से हटाया, उसका मकसद उन्हें खतरे से बचाना था।

**Quote...**

"Whoever is happy will make others happy too."

-Anne Frank



सत्य-प्रेम-करुणा...

**मैं तो वायरस के सामने इस वायु रस को जोड़ूं ..... एक तरफ वायरस अपनी गति करे..... और ये मनोजवं मारुततुल्य वेगं जितेंद्रियम बुद्धिमतां वरिष्ठं ..... मेरा वायु रस.... ये जो हनुमान है.... क्योंकि ये बड़े से बड़ा संजीवनी लाने वाला कोई दूत है तो ये राम दूत अतुलित बल धामा अंजनी पुत्र पवनसुत नामा ...... हे मेरे नाथ तेरा भरोसा रखकर बहुत घूम रहे हैं..... तो तेरे वायु पने का रस पूरे विश्व में ऐसा फैला कि ये वायरस कभी आने का नाम ना ले...... ऐसी करूणा करना ....हम तो प्रार्थना कर सकते हैं.....**

**।।रामकथा ।।मानस मंदिर ।।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

*teachers day special*

# फातिमा शेख

## भारत की पहली महिला शिक्षक, जिन्होंने महिलाओं को पढ़ाने के लिए उठाए बड़े कदम

"लोगों की सबसे बेहतरीन पुस्तक उनका शिक्षक है" ये कथन तो आप सभी ने पढ़ा होगा। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि हमें जीवन में एकता और हर अस्तित्व से पहचान कराने में सहायता करता है। समाज में शिक्षक की बात जब जब की जाती है, तब तब सावित्रीबाई फुले का जिक्र किया जाता है। उन्होंने समाज में शिक्षा की राह को उजागर करते हुए खुद लोगों को पढ़ाना शुरू किया और वह भारत की प्रथम महिला शिक्षिका भी बनी। लेकिन इनके साथ एक और नाम भी शामिल किया जाता है जिनका नाम है फातिमा शेख। यह देश की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका थी। इन्होंने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर काम किया व दलित और मुस्लिम महिलाओं, बच्चों को शिक्षित करने की शुरुआत की। यही नहीं इन्होंने 1848 में लड़कियों के लिए देश में पहले स्कूल की स्थापना भी की थी।



### ◆ सावित्रीबाई फुले से ऐसी हुई मुलाकात

फातिमा शेख का जन्म 9 जनवरी 1831 को पुणे के एक मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके भाई का नाम उस्मान शेख था, जो ज्योतिबा फुले के मित्र थे। निचली जातियों के लोगों को शिक्षित करने के कारण फातिमा शेख और उनके भाई दोनों को समाज से बाहर निकाल दिया गया था। जिसके बाद दोनों भाई-बहन सावित्रीबाई फुले से मिले। उनके के साथ मिलकर फातिमा शेख ने दलित और मुस्लिम महिलाओं और बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया।

### ◆ कई लोगों ने किया विरोध

फातिमा शेख ने अहमदनगर के एक मिशनरी स्कूल में टीचर्स ट्रेनिंग भी ली थी। इसके बाद वह और सावित्री बाई दोनों लोगों के बीच जाकर महिलाओं बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती थी। इस दौरान कई लोग उनका विरोध भी कर रहे थे, लेकिन कठिनाईयों का सामना करते हुए दोनों ने इस अभियान को जारी रखा। 1856 में सावित्रीबाई जब बीमार पड़ गई तो वह कुछ दिन के लिए अपने पिता के घर चली गईं। उस समय अकेले फातिमा शेख सारा लेखा जोखा देखती थी।

### ◆ पुस्तकालय में पढ़ने के लिए किया आमंत्रित

उस समय जब हमारे पास संसाधनों की कमी थी तब फातिमा शेख ने मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा को लेकर आवाज उठाई। हालांकि, ये सब करना आसान नहीं था लेकिन फातिमा शेख ने ये कर दिखाया। फातिमा शेख घर-घर जाकर दलितों और मुस्लिम महिलाओं को स्वदेशी पुस्तकालय में पढ़ने के लिए आमंत्रित किया करती थी। इस दौरान उन्हें कई प्रभुत्वशाली वर्गों के भारी प्रतिरोध का भी सामना करना पड़ा। लेकिन अपनी बात पर अड़ी फातिमा शेख ने कभी हार नहीं मानी।

## Highlights

1. Thousands of luxury cars rented for G20 delegates in Delhi
2. Mother gives birth, guru gives life: PM to teachers' award winners
3. Maha transport body loses ₹13.25 crore amid Maratha quota protests
4. Ayodhya seer offers ₹10-crore reward for cutting Udhayanidhi's head; TN Minister reacts
5. 7-ft-long painting of Joe Biden made by Punjab artist ahead of G20

# Qantas CEO Alan Joyce to step down early as airline's reputation under scrutiny




**MUMBAI, (Agency).** Qantas Airways said on Tuesday that long-serving CEO Alan Joyce would exit the company two months earlier than previously flagged as a reputational turbulence engulfs Australia's flagship carrier.

Joyce's early retirement will see CEO Designate Vanessa Hudson, the first woman to lead the century-old airline, take charge on Wednesday.

The accelerated departure comes after Qantas on Monday apologised for its service standards falling short and acknowledged it was suffering reputational damage, less than two weeks after it reported record annual earnings underpinned by strong travel demand.

Australia's competition regulator last week sued it for allegedly selling tickets for more than 8,000 cancelled flights between May and July 2022 without disclosing they had been cancelled.

The airline had also faced scrutiny from politicians and the public over a decision to let nearly A$500 million ($323.00 million) of pandemic-era flight credits to expire by the end of the year, which it reversed shortly after the regulator filed its lawsuit.

Controversies involving Qantas, including the granting of a premium airport lounge membership to Prime Minister Anthony Albanese's son and its opposition to Qatar Airways adding additional flights to Australia have led to many recent newspaper headlines and editorials in the country.

The airline's share price had also taken a battering, falling 13% since the start of August amid questions over whether it had maximised profits at the expense of its longer-term reputation with customers.

"In the last few weeks, the focus on Qantas and events of the past make it clear to me that the company needs to move ahead with its renewal as a priority," said Joyce, who served as the airline's CEO for 15 years.

# Morning Scan: All the big stories to get you started for the day

**NEW DEIHI, (Agency).** #1. India's central bank digital currency can fix international payment problems

India's central bank digital currency instant-settlement feature could play an important role in addressing issues around high costs and low speed associated with cross-border payments, Reserve Bank of India governor Shaktikanta Das said. The central bank last year launched two CBDC pilot projects for retail and wholesale segments. It was expanding the pilot to more banks, cities, people, and use cases, Das said.

Why it's important: Payments made through sovereign-backed digital currencies would be faster, cheaper, and more transparent, delivering benefits to a wider spectrum of users. Their use could become widespread as they gradually establish their credibility and convenience.

#2. Income-tax department sends half a million notices for low advance tax

The income tax department has issued notice to around 500,000 taxpayers between April and August over zero and lower advance tax payment. These intimations were sent after analysing significant transaction data for the previous financial year and the first quarter of the current financial year.

Why it's important: Advance tax payment in the June quarter indicates taxpayers paid lower taxes compared with high-value spendings, indicating a mismatch. The move comes ahead of the second instalment of advance tax due on September 15.

New Delhi

# G20 Summit: जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान जिधर से गुजरेगा काफिला, उधर मेट्रो स्टेशन होगा बंद

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों का काफिला जिस मेट्रो स्टेशन के नजदीक से गुजरेगा, उसको पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इस बीच स्टेशन में किसी की भी प्रवेश व निकासी नहीं हो सकेगी। करीब 15 मिनट बाद इसकी आवाजाही फिर से सामान्य होगी। वहीं, प्रगति मैदान का सबसे नजदीक सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन इस बीच पूरी तरह बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने मेट्रो स्टेशनों के लिए प्लान तैयार कर लिया है। इसमें 10 सितंबर को मध्य दिल्ली के भी कई हिस्से प्रभावित रहेंगे। उधर, सुरक्षा कारणों से 39 मेट्रो स्टेशनों के कुछ गेट को बंद रखने की सोमवार सुबह जारी मेट्रो पुलिस ने शाम को वापस ले ली है।

विशेष पुलिस आयुक्त एसएस यादव ने स्पष्ट किया कि आयोजन



स्थल के सबसे नजदीक होने से 8-10 सितंबर के बीच सिर्फ सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन से निकास व प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगी। दूसरे किसी भी मेट्रो स्टेशन को समय विशेष के लिए तभी बंद किया जाएगा, जब वहां से किसी विदेशी मेहमान का काफिला गुजरेगा। इसमें किसी को कोई असमंजस नहीं होना चाहिए। अभी तक का ट्रैफिक पुलिस का यही प्लान है। आगे जैसी भी स्थिति बनेगी, उसके हिसाब से इसमें बदलाव किया जाएगा। विशेष पुलिस आयुक्त के मुताबिक, सम्मेलन के दौरान की ट्रैफिक की 25 अगस्त को एडवाइजरी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें पोस्टल सेवाएं, स्वास्थ्य सेवा में सैंपल इकट्ठा करने वाले और एंबुलेंस सेवाएं लगातार चलती रहेंगी। उनके आने-जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। दूसरी कई सेवाओं के लिए नो एंट्री पास दिए गए हैं। नई दिल्ली इलाके में सात सितंबर की रात से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक व्यवसायिक गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी।

Uttarpradesh

## मुस्लिम युवकों ने काट दी हिंदू युवक की चोटी, जमकर बरसाई लाठियां और डंडे

**गाजियाबाद.** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मामूली विवाद के चलते दूसरे समुदाय के युवकों ने एक युवक की चोटी काट दी. पीड़ित युवक ने क्रॉसिंग थाने में इसकी FIR दर्ज करवाई है. जानकारी के मुताबिक, बीते कुछ दिन पहले इलाके में रहने वाले हिन्दू युवक का विवाद पड़ोस में रहने वाले 2 मुस्लिम और एक हिंदू युवक से हुआ था.

पीड़ित ने बताया कि मामूली विवाद के चलते दोनों मुस्लिम युवकों ने उसकी चोटी काट दी और फिर तीसरे युवक के साथ मिलकर मारपीट भी की. पीड़ित युवक का नाम राजकुमार है जो कि क्रॉसिंग थाना क्षेत्र के सेन बिहार इलाके का रहने वाला है. बीती 31 तारीख को उसका विवाद उसी इलाके के रहने वाले बाबू पुत्र जब्बार, छोटा बाबू और अमर नामक युवकों से हुआ था.

उस समय आसपास रहने वाले लोगों ने कर समझा-बुझाकर उसका समझौता आरोपियों से करा दिया था. युवकों से हुए विवाद में उसे चोट भी आई थी जिसको लेकर युवक ने घर से निकलना बंद कर रखा था. लेकिन रविवार दोपहर 1.30 बजे के करीब जब राजकुमार घर के बाहर ही टहलने के लिए निकला तो उन तीनों युवकों ने उसे घेर लिया. बाबू पुत्र जब्बार, छोटा बाबू पुत्र जब्बार ने उसकी चोटी काट दी. फिर तीसरे दोस्त अमर के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से पीट डाला.

Jammu

## जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में एनकाउंटर, एक आतंकी ढेर, सुरक्षा बलों ने दूसरे को घेरा

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है. इसके अलावा एक आतंकवादी को घेर लिया है, जिसके साथ मुठभेड़ जारी है. इस दौरान दो जवान घायल हुए हैं. इनमें एक सेना और दूसरा पुलिस का जवान है. इससे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से ट्वीट कर बताया गया था कि रियासी इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है. पुलिस को मिले इनपुट के आधार पर दो आतंकियों को घेर लिया गया है. यह मुठभेड़ चासना के तुली इलाके की गली सोहाब में चल रहा है. इससे पहले बीते अगस्त में ही पुलवामा जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए थे. उन आतंकियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर था.

Bihar

## भांग बेचने के लिए बिहार में पहली बार सजा; 5 साल की जेल, एक लाख रुपये जुर्माना

**दरभंगा, (एजेंसी)** बिहार में शराबबंदी है। शराब पीने और बेचने वालों को अदालत से सजा मिलना आम बात है। मगर क्या आपने कभी सुना है कि भांग बेचने पर किसी को सजा हो गई? लेकिन ऐसा हुआ है। दरभंगा की सिविल कोर्ट ने पहली बार भांग बेचने के आरोप में दो शख्स को पांच साल की जेल की सजा सुनाई है। इतनी ही नहीं उन पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। माना जा रहा है कि दरभंगा ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में यह पहला अनोखा मामला हो।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दरभंगा जिला कोर्ट ने तीन अलग-अलग मामलों में सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को भांग एवं शराब बेचने के आरोप में सजा सुनाई। पुलिस ने बहादुरपुर के बलभद्रपुर नवटोल के रहने वाले देवेंद्र झा और मिथिलेश झा को भांग बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोनों के कब्जे से एक किलोग्राम भांग बरामद की गई थी। अदालत ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए दोनों को दोषी करार दिया। उन्हें पांच साल जेल में रहने और एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भरने की सजा मिली।

बता दें कि भांग एक नशीला पदार्थ है। यह बिहार में काफी प्रचलित है। गांव-शहरों में गली-गली पान दुकानों पर भांग आसानी से मिल जाती है। माना जा रहा है कि अभी तक भांग बेचने के लिए किसी को भी इतनी बड़ी सजा नहीं हुई है। इस कारण यह मामला काफी चर्चा में आ गया है।

खेल

# नेपाल को 10 विकेट से रौंदकर सुपर-4 में पहुंचा भारत

## फिर होगी पाकिस्तान से टक्कर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत ने एशिया कप 2023 में नेपाल के खिलाफ धमाकेदार जीत हासिल की है। भारत ने बारिश से प्राभवित मैच में सोमवार को नेपाल को 10 विकेट से रौंदा। भारत को 23 ओवर में 145 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जो उसने 21.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। रोहित ने 59 गेंदों में 6 चौकों और 5 छक्कों की बदौलत 75 रन बनाए। शुभमन गिल ने 62 गेंदों में 67 रन जोड़े। उन्होंने 8 चौके और एक छक्का लगाया। भारत और नेपाल की पहली बार इंटरनेशनल क्रिकेट में भिड़ंत हुई।**

बता दें कि नेपाल ने



टॉस गंवाने के बाद कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में 48.2 ओवर में 230 रन जुटाए। वहीं, टीम इंडिया जब लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो 2.1 ओवर का खेल होने के बाद बारिश आ गई और करीब दो घंटे तक खेल रुका रहा। इसके बाद, अंपायर्स ने निरीक्षण किया और भारत को संशोधित लक्ष्य दिया गया। भारत ने सुपर-4 में एंट्री कर ली है। भारत की फिर पाकिस्तान भिड़ंत होगी। दोनों टीम 10 सितंबर को कोलंबो में टकराएंगी। दोनों हाल ही में आमने-सामने आई थीं लेकिन मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया।

नेपाल की ओर से सर्वाधिक रन आसिफ शेख (58) ने बनाए। सोमपाल कामी ने 48 और ओपनर कुशल भुर्तेल ने 38 रन का योगदान दिया। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 28 और गुलशन झा ने 23 रन की पारी खेली। भारत के लिए रविंद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने तीन-तीन विकेट चटकाए। शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी और हार्दिक पांड्या ने एक-एक शिकार किया। नेपाल की टीम इस हार के साथ ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई गई है। नेपाल को ग्रुप-ए के अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 238 रनों से हार झेलनी पड़ी थी।

सिनेमा

## जवान का पहले दिन इतने करोड़ कमाना तो पक्का, हैरतअंगेज हैं एडवांस बुकिंग के नए आंकड़े



शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'जवान' को बॉक्स ऑफिस पर बहुत जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। अगर यह फिल्म पब्लिक को इंप्रेस करने में कामयाब रही तो शुरुआती तीन दिनों में यह आंकड़ा आसमान छूता नजर आ सकता है। फिल्म सिनेमाघरों में 7 सितंबर को रिलीज हो रही है और एडवांस बुकिंग के लिए ऐसी होड़ मची हुई है कि कई सिनेमाघरों में तो शोज ऑलरेडी हाउसफुल हो चुके हैं। तो चलिए जानते हैं कि जवान का आज के हिसाब से एडवांस बुकिंग स्टेट क्या है। शाहरुख खान की फिल्म जवान तीन भाषाओं में रिलीज होने जा रही है और इसे सबसे अच्छा रिस्पॉन्स हिंदी वर्जन के जरिए मिल रहा है। अब तक उपलब्ध आंकड़े के मुताबिक रिलीज वाले दिन फिल्म का 21 करोड़ 14 लाख रुपये का बिजनेस करना तय है। हालांकि यह आंकड़ा आने वाले वक्त में और भी बेहतर होता नजर आ सकता है क्योंकि फिल्म की रिलीज में अभी 2 दिन का वक्त और बाकी है। बता दें कि फर्स्ट डे के लिए अभी तक 7 लाख से ज्यादा लोग एडवांस में टिकट बुक कर चुके हैं। यानि फिल्म का पहले दिन 21 करोड़ का बिजनेस तो होना ही है।

# गोल्ड लोन चुकाने के लिए की थी चोरी

## स्कूटर की डिक्की से हुई एक लाख रुपए उड़ाने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बैंक के सामने से स्कूटर की डिक्की से हुई करीब एक लाख रुपए चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्त में लिया है। उससे हुई पूछताछ में पता चला कि उसने गोल्ड लोन लिया था और वह चुका नहीं पा रहा था लोन चुराने के लिए ही उसने वारदात को अंजाम दिया था।**

गत 29 अगस्त को सुनील कुमार निवासी मानस मेंशन अपार्टमेंट पलसीकर कालोनी स्कूटर की डिक्की में पैसे रख कर बैंक में आरटीजीएस करवाने जा रहा था। पलसीकर कालोनी माणिकबाग रोड की बैंक शाखा पर पहुंचा। एक्टीवा को बैंक के गेट के बाहर खडी कर बैंक के अंदर गया था। बैंक से आरटीजीएस करवा कर स्कूटर के पास आया और चेक बुक रखने के लिए एक्टीवा की डिक्की खोली रुपए नगदी 98,700 रुपए गायब थे। जूनी इंदौर पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान हो गई। ये वाहन राधेश्याम, महालक्ष्मी नगर रोड का निकला। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि घर के गहने मूथूट फायनेंस में जमा है जिनको छुडवाने के लिये चोरी की थी। आरोपी राधेश्याम के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटर जब्त कर चोरी के 98,700 रुपए नकदी भी जब्त कर लिए गए हैं। आरोपी राधेश्याम शर्मा को गिरफ्तार किया गया।

### एक और वारदात कबूली

आरोपी राधेश्याम द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष महिन्द्रा कोटक बैंक के बाहर वल्लभ गार्डन के पास खातीवाला टेंक इन्दौर में खडी स्कूटर की डिक्की से 70,000 रुपए भी उसने ही चुराए थे। उक्त प्रकरण में भी आरोपी राधेश्याम से 12,300 रुपए बरामद किए गए हैं।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में सैकड़ों शिविरार्थियों ने लिया लाभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संस्था देवपथ द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन लगातार किया जा रहा है इसी कड़ी में आज संस्था देवपथ के संयोजक मुकेश राजावत द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन लालाराम नगर सामुदायिक भवन में किया गया जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर ओर भारत माता की तस्वीर पर माला अर्पण कर किया गया। जिसमें सैकड़ों शिविरार्थियों द्वारा निशुल्क आंखों की जांच शंकर आई हॉस्पिटल द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन जैसी जांच की गई एवं ऑपरेशन के लिए संस्था द्वारा बस के माध्यम से अस्पताल तक पहुंचाया गया और आई ड्रॉप निशुल्क दवा भी वितरित की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया, संस्था देवपथ के संयोजक मुकेश राजावत, ष्ट्र श्री श्याम जी गुप्ता नारायण पटेल, वार्ड की पार्षद अनिल गौहर, महेश बसवाल विशाल पाठक सुरेंद्र सिंह बैस त्रिलोक सिंह राजावत विनोद त्यागी , शक्ति सिंह राजावत नीरज सिंह पवार सत्येंद्र सिंह चौहान हरिओम राजावत, विनोद सिंह चौहान आशीष मेव राजेश गुप्ता रामबाबू मोदी ऋषिकातं श्रीवास्तवआदि लोग उपस्थित थे।

# 5 दिन में 100 बाइक चुराई 12 जगहों पर की लूटपाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस की गश्त पर अपराधी भारी पड़ रहे हैं। पांच दिन के भीतर 100 गाड़ियां चुराकर ले गए हैं। सबसे ज्यादा वारदात पुलिस की मौजूदगी में हुई है। वाहन चोरी के साथ लूटें भी हुई हैं। अफसर बोल रहे हैं कि अपराध घटे हैं। लूट के लगभग सभी आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए हैं।**

रात में आपराधिक मामले बढ़ने के कारण पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर ने चारों जोन में रात्री गश्त बढ़ाई है।डीसीपी रोज रात को अपने-अपने थाना प्रभारियों के साथ काम्बिंग गश्त करवा रहे है, लेकिन इसका पारंपारिक अपराधों पर ज्यादा असर नहीं पड़ा। चाकूबाजी में थोड़ा असर देखने को मिला, लेकिन चोरी, वाहन चोरी और लूट जैसे अपराध तो घटित हो रहे हैं। जोन-2 के एडीसीपी एलआइजी चौराहा पर ही पुलिसकर्मियों को एकत्र कर काम्बिंग गश्त के लिए रवाना करते हैं। पुलिसकर्मी नेहरुनगर, श्रीनगर एक्सटेंशन की तरफ सर्चिंग करते है। पुलिस का मुवमेंट होने के बाद भी सोमवार को बाइक सवार दो बदमाश डिलीवरी इंचार्ज से चाकू की नोंक पर ढाई लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। इसी तरह विजयनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने मंगल सिटी माल के बाहर पार्किंग में खडे स्कूटर से लाखों रुपये चुरा लिए। घटना स्थल के सामने ही विजय नगर थाना है। गश्त चारों जोन में चल रही है। डीसीपी स्वयं प्रमुख चौराहों पर पुलिसवालों को इकट्ठा कर लेते है। इसके बाद भी राजेंद्रनगर, द्वारकापुरी, राऊ, एरोड्रम थाना क्षेत्र में लूट की घटनाएं हुई है। राऊ थाना क्षेत्र में बदमाश रिटायर एयरफोर्स अधिकारी की पत्नी से पर्स छीन कर ले गया था। हालांकि पुलिस ने उस महिला की सतर्कता से गिरफ्तार भी कर लिया।

## अज्ञात वाहन ने ली जान

**इंदौर।** मांगलिया टोल प्लाज के पास एक अज्ञात वाहन ने वहां से बाइक पर गुजर रहे एक व्यक्ति को टक्कर मारकर कुचल दिया। घटना के बाद टोल प्लाजा वाले घायल को एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले गए जंहा उसकी मौत हो गई। क्षिप्रा पुलिस ने बताया कि 45 वर्षीय रामप्रसाद पिता उमराव देवास नाका पर कमशीन एजेंट का काम करता था रात को वह जब घर लौट रहा था तभी रास्ते में हादसा हो गया। अभी तक संबंधित वाहन के बारे में जानकारी नहीं मिली है।

# हजारों रुपए की शराब बरामद

## स्कूटर से शराब की डिलेवरी करने वाला भी पकड़या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आबकारी विभाग की टीम ने स्कूटर सवार बदमाश को रोककर टीम ने जांच की तो उसके पास से बड़ी मात्रा में देशी शराब मिली। वह इस शराब की डिलेवरी देने जा रहा था। वहीं विभाग की टीमों ने अलग-अलग स्थानों से हजारों रुपए की शराब बरामद की।**

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि अलग अलग टीमों ने करीब 25 स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर हजारों रुपए कीमत की शराब बरामद की है। श्री खरे ने बताया कि आबकारी की टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति स्कूटर (एमपी 09यूटी 7499) से दो झोलों में शराब भरकर डिलवेरी देने जा रहा है इस पर टीम ने उससे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से करीब 325 पाव देशी शराब बरामद हुई। आरोपी योगेंद्र झिलवे निवासी आकाश नगर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिर तार किया गया। इसी प्रकार आबकारी के संयुक्त दल ने महू,मालवा मिल, राजमोहल्ला,काछी मोहल्ला वृत्त के अलग अलग क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी इस दौरान टीम ने करीब 10 स्थानों पर छापा मारा और करीब 17 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। वहीं दो अलग अलग स्थानों पर एक्टिवा और पल्सर (एमपी 47 एमजी 751&) को रोककर आरोपी नितिन पिता राजेंद्र चौहान तथा राजीव पिता दीपक वर्मा के पासे से टीम ने शराब जब्त की। गिरफ्त में आए बदमाशों से टीम पूछताछ कर रही है।

# साधु संतों पर की गई टिप्पणी को लेकर आक्रोश

## अधिवक्ताओं द्वारा ज्ञापन देकर कड़ी से कड़ी सजा की मांग



**इंदौर।** तमिलनाडु के डीएमके के नेता द्रविंद्र मुत्रेत्रकजगम,, सार्वजानिक मंच से सनातन धर्म के अपमानजनक एवं आपातजनक भाषण देकर सनातन धर्म के अनुयायीयों की धार्मिक भावना आहत,, कर समाजिक सौहार्द हिंसा भड़काने वाले द्रविड़ मुत्रेत्रकजगम (डीएमके) नेता और तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के विरुद्ध कठौर कानून कार्यवाही करने को लेकर मांग को लेकर राजेश खंडलवाल एवा अधिवक्ताओं द्वारा बैठक की गई राजेश खंडेलवाल और अधिवक्ताओं प्रतिनिधि मंडल द्वारा एमजी रोड थाने पर ज्ञापन देखकर कड़े से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई

राजेश खंडेलवाल ने बताया की जिला न्यायालय इंदौर में अधिवक्ताओं द्वारा बैठक की गई वही खंडेलवाल द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार सोशल मिडिया पर विडियो एवं न्यूज के मध्य से देखाने में आया है कि तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित सनातनम (सनातन धर्म) उन्मूलन सम्मेलन को संबोधित करते हुए द्रविड मुत्रेत्रकजगम (डीएमके) नेता और तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा अपने भाषण में सनातन धर्म के लिए की गई टिप्पणी से जहां एक और हिंदू सनातन को ठेस पहुंची है ,,,,, खंडेलवाल द्वारा बताया गया कि जल्द ही तमिलनाडु सरकार द्वारा द्रेविद्र मुत्रेत्रकजगम इस्तीफा लेकर सख्त कार्रवाई की जाए अन्यथा हिंदू समाज एवं सनातन धर्म द्वारा आंदोलन किया जाएगा जिसको लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में राजेश खंडेलवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्त दुवार एमजी रोड थाने पहुंच कर मामल दर्ज करने की मांग हेतु आवेदन दिया गया।

## महिला घर पर फंदे पर लटके मिली...

**इंदौर।** लसूड़िया में रहने वाली एक महिला घर पर फंदे पर लटके मिली है। बेटा जब अपनी पत्नी को लेकर घर आया तो उसने मां को देखा। सूचना के बाद मौके पर पुलिस को बुलाया गया। इधर शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा गया। बेटे ने पिता को मोबाइल पर कॉल किया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इधर पड़ोसियों ने बताया कि दोनों के बीच लड़ाई हो रही थी। महिला के रिश्तेदारों ने बताया कि महिला को मारकर फंदे पर लटकाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियों की दैनिक अख़बार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।